Seventeenth Loksabha

>

Title: Need for development of road connecting NH-08 (Mumbai-Ahmedabad) with NH-03 (Mumbai-Agra) as National Highways.

श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी): मेरे भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में देश के सभी महत्वपूर्ण राज्यों और शहरों को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं । भिवंडी के भिवंडी क्षेत्र में कुछ मार्ग है जो कि ओल्ड NH 08 मुंबई-अहमदाबाद और ओल्ड NH 03 मुम्बई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग को जोडनेवाला रास्ता है, यह रास्ता शिरसाट फाटा (वसई) से होकर अंबाडी नाका – पडघा (भिवंडी) - वासिंद (शहापुर) की तरफ जाता है, जो कि ओल्ड NH 08 मुंबई-अहमदाबाद और ओल्ड NH 03 मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग को कनेक्ट करता है । इस मार्ग को अगर राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाता है तो यहां के ग्रामीण के विकास मदद मिलेगी और सड़क यातायात के माध्यम से इस मार्ग से भारी मात्रा में यात्री, व्यापारी तथा नागरिक यातायात करेंगे । यह राजमार्ग एक इंडस्ट्रीय कोरीडोर के रूप मे उभर कर आयेगा जिससे मुंबई, ठाणे और भिवंडी जैसे शहरों को ट्रैफिक समस्या कम होने में मदद होगी । दूसरी ओर भिवडी एक गोडाउन हब बन चुका है भिवंडी के विकास हेतु यह मार्ग एक वरदान साबित होगा । इन दोनों राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली सड़क लगभग 50 किमी लंबी है । इस राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में कम लागत लगेगी और देश के दो महत्वपूर्ण राजमार्गों को इसके द्वारा जोड़ा जा सकता है । इस राजमार्ग के बनने से इस राजमार्ग से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के विकास को तीव्र गति मिलेगी । के छोटे-छोटे उद्योगो को एक नवसंजीवनी मिलेगी ओर आत्मनिर्भर भारत की ओर हम एक सुनहरा कदम रखेंगे तथा देश के विकास को गति मिलेगी ।

वर्तमान में, यह सडक बहुत ही खराब स्थिति में है और क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीण बेहद ही गंभीर समस्याओं का सामना करके यात्रा/यातायात कर रहे है ।

आपसे नम्र निवेदन है कि, ओल्ड NH 08 मुंबई-अहमदाबाद और ओल्ड NH 03 मुंबई-आगरा इन दो महत्वपूर्ण राजमार्गों को जोड़ने वाले मार्ग को जोडकर नये राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण हेतु मान्यता देने की कृपा करे ।